कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-09.09.2023

थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा शातिर वाहन चोर विनोद कुमार जायसवार उर्फ चिन्टू उर्फ सिन्टू गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 03 अदद मोटर साइकिल बरामद ।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनियां के नेतृत्व में थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0272/2023 धारा 379/411 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विनोद कुमार जायसवार उर्फ चिन्टू उर्फ सिन्टू पुत्र महेन्द्र जायसवार निवासी मीरापुर ओड़ासन थाना बहरियाबाद जिला गाजीपुर को दिनांक-08.09.2023 को समय करीब 16.15 बजे रा हरिहरपुर गेट थाना मण्डुवाडीह से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त मे चोरी गयी 01 अदद मोटरसाइकिल को बरामद किया गया तथा अभियुक्त की निशांदेही पर अन्य 02 चोरी की मोटरसाइकिलों की बरामदगी की गयी। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>विवरण पूछताछ-</u> पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि यह गाड़ी मैने चांदपुर चौराहे के पास स्थित रिलायंस हास्पिटल की पार्किंग के पास से दिनांक 28/29/08/23 को चोरी की थी। इसी क्रम मे बताया कि साहब मैने एक गाड़ी प्रयागराज रेलवे स्टेशन के पास से पैशन प्रो व एक गाड़ी स्प्लेण्डर प्लस को मैने अतरौलिया आजमगढ़ से चुराया था। उपरोक्त गाड़ियो के पूछने पर बताया कि दोनों गाड़ियों को मैने चांदपुर से लहरतारा की तरफ आगे बढ़ने पर बाएं तरफ खाली जमीन पड़ी हुई है, उसी में आड़ मे खड़ी किया हूँ। पकड़े गये व्यक्ति विनोद उपरोक्त की निशानदेही पर चोरी की दो मोटरसाइकिलों को बरामद किया गया जिसमें पहली गाड़ी पैशन प्रो जिसका चेचिस नम्बर MBLHA10BSGHJ38595 व रजिस्ट्रेश नम्बर UP70DN1753 है तथा दूसरी मोटरसाइकिल स्प्लेण्डर प्लस जिसका चेचिस नम्बर MBLHA10CGGHL10328 व रजिस्ट्रेशन नम्बर UP52AM9278 है। अभियुक्त ने बताया कि चोरी की गाड़ियों को मैं बेचने के लिए ग्राहक की तलाश मे लगा था इसीलिए इन्हे यहाँ छिपाकर रखा था। आज मै गाड़ी बेचने के लिए ग्राहक कि तलाश में था कि आप लोगो ने पकड़ लिया।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>

विनोद कुमार जायसवार उर्फ चिन्टू उर्फ सिन्टू पुत्र महेन्द्र जायसवार निवासी मीरापुर ओड़ासन थाना बहरियाबाद जिला गाजीपुर उम्र करीब 31 वर्ष

<u>बरामदगी का विवरण-</u>

तीन अदद मोटर साइकिल

1. स्पलेण्डर प्लस UP65CD6683
2. पैसन प्रो का नं0 UP70DN1753
3. स्पलेण्डर प्लस जिसका चेचिस नं0 MBLHA10CGGHL10328

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 पंकज कुमार पाण्डेय थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 शुभेन्दु दीक्षित थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
3. कां0 रणधीर सिंह थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 रोहित थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0कां0 शत्रुघन सिंह थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।
6. कां सूर्यभान सिंह थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी